हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 15 मई 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

MOTION BHILAI

मोशन है, तो भरोसा है।

India 's Best IIT-JEE I NEET I Foundation Coaching Institute

Highest Selection Ratio (NEET)
Total Student Qualified in 2023
6492 / 7084 = 91.64%
Total Student Qualified in 2022
4837 / 5356 = 90.31%




28 Students under 1000 Ranks & 435 Students under 10000 Ranks in NEET 2023




ADMISSION ANNOUNCEMENT Session 2024-25
(Full-Time Classroom Program)

Target: JEE/NEET 2026
Nurture Batch
Class 10th to 11th Moving
Batch at initial stage

Target: JEE 2025
Achiever Batch
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: NEET 2025
Leader Batch
Class 12th to 13th Moving
Starting from : 1st June 2024

Target: Olympiads & Board
Foundation Batch
Class 6th to 10th Moving Students
Batch at initial stage

MOTION

7970222201 / 7440200990
STUDY CENTER (BHILAI) : 152, NEW CIVIC CENTRE, BHILAI, CHHATTISGARH 490006
Follow us : facebook.com/motionbhilaiiitjee instagram.com/motionbhilai

## सफलता जरूर मिलेगी लेकिन.... शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक को मिलकर काम करना होगा। एक भी कड़ी कमजोर न रह जाए।



जब छात्र किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करता है, तो सबका लक्ष्य परीक्षा उत्तीर्ण कर सीट सुनिश्चित करना होता है। लेकिन आमतौर पर बहुत कम विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल कर पाते हैं। हमारा मानना है कि JEE हो या NEET या फिर कोई और प्रतियोगिता... सफलता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक रूट चार्ट का पालन करना बहुत जरुरी है। दरअसल, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सफलता के लिए सही स्ट्रेटेजी बहुत जरुरी है। इसमें अकेले शिक्षण संस्थान ही नहीं, विद्यार्थी और उनके अभिभावकों की भी बड़ी भूमिका होती है।

**कोचिंग संस्थान के नाते जिम्मेदारी:** एक कोचिंग संस्थान के नाते हम हमारी जिम्मेदारी मानते हैं कि-

1.समय पर कक्षाएं लगवाएं। 2.हर विषय के अनुभवी फैकल्टी से, समय पर पाठ्यक्रम पूरा करवाएं। 3.विद्यार्थी को अपडेटेड अध्ययन सामग्री और तकनीक समर्थन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा टेस्ट-एनालिसिस और प्रदर्शन सुधार के जरूरी सुझाव देते रहें। 4.पढ़ाई में छात्र को कोई संदेह रह जाए तो उसे क्लियर करवाएं। 5.बच्चे को जब भी जरुरत हो, भिलाई में स्थानीय अभिभावक के रूप में समर्थन दें। ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाएं कि विद्यार्थी मोटीवेट रहकर लक्ष्य पर फोकस रहे और लगातार तैयारी करता रहे।

इसके लिए हमने पूरा सिस्टम बना रखा है और हजारों सहयोगियों की टीम कोटा से काम कर रही है। अगर कोई कड़ी कमजोर पड़ जाए तो हमें बताएं, समस्या का तत्काल समाधान करेंगे।

**विद्यार्थी की जिम्मेदारी** – सफलता के लिए छात्र के मन में जोश, जज़्बा, और आवश्यक स्पार्क नहीं है तो दुनिया की कोई ताकत कुछ नहीं कर सकती। इसलिए विद्यार्थी में रोजाना 12-14 घंटे मेहनत और संवेदनशीलता से पढ़ाई करने की इच्छा और लगन जरुरी है।

**शिक्षक की सुनें** –विद्यार्थी को यह मानकर चलना चाहिए कि वह जो भी पढ़ रहा है, उसके लिए पहली बार है लेकिन शिक्षक यह सब पहली बार नहीं पढ़ा रहे होते हैं। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को वह विषय पढ़ाया होता है। उन्हें पता होता है कि विद्यार्थी की क्षमता क्या है और उसको कैसे पढ़ाना और सिखाना है। इसलिए सफलता के लिए जरुरी है कि वह अपने तरीके से पढ़ने की जगह अपने अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करें। मोशन से दी गई सभी सीट्स और शिक्षक सामग्री को जरूर से पूरा करें।

**लक्ष्य के प्रति फोकस रहें, बैकलॉग नहीं बनाने दें:** 1.ज्यादातर विषयों में टॉपिक्स और कॉन्सेप्ट्स एक दूसरे पर डिपेंड करते हैं। यदि आपने बीच में कोई क्लासेस मिस कर दी हैं, तो आगे के टॉपिक्स समझना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जरुरी है कि छात्र-छात्राएं, क्लास में नियमित आएं। उपस्थिति 95% से अधिक होना जरुरी है। 2.टाइम मैनेजमेंट जरुरी है। टाइम टेबल बनाकर रोजाना कोचिंग सहित 12-14 घंटे पढ़ाई जरूर करें। 3.होमवर्क समय पर पूरा करें और किसी भी हालत में बैकलॉग नहीं बनाने दें। 4.आधे-अधूरे मन से किए गए काम में सफलता नहीं मिलती है। एग्जाम टाइम पर सिलेबस को फिनिश ना करना आधे-अधूरे इरादे के लक्षण हैं।

**अभिभावक न खुद तनाव लें और न ही बच्चों को दें** – माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे को सही जगह कोचिंग के लिए भेजें। अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चे को मासिक व्यय भेजते रहें। उसको घर के समस्याओं और विवादों से दूर रखें। बच्चे से रोज या एल्टरनेट जरूर से बात करें और उसकी दिनचर्या पर नजर रखें। मोशन द्वारा एटेंडेंस और टेस्ट परफॉर्मेंस से संबंधित सभी संदेशों पर ध्यान दें। समय-समय पर भिलाई आएं और देखें कि बच्चा होस्टल में कैसे रह रहा है, पीटीएम में अवश्य से भाग लें। बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों की पहचान कर दूर करने में मदद करें। याद रखें टेस्ट में सवालों का स्तर एग्जाम से भी टफ होता है। अगर टेस्ट में नंबर कम आते हैं तो यही कहें कि तुम अपनी ओर से सबसे अच्छा करो, जो परिणाम आएगा, उसे हम दिल से स्वीकारेंगे। यह आश्वासन उन्हें हौसला देगा।

जो छात्र नीट और जेईई एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, और उन्हें रिस्टार्ट लेना है, उन्हें बिल्कुल भी देर न करनी चाहिए। उन्हें संकल्पबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, और मोशन के नीट और जेईई के लिए 1 जुन से नए बैच में अपनी कक्षाएं शुरू करनी चाहिए। और जो 10वीं के छात्र अभी तक रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे थे, वे और अधिक समय बर्बाद न करें, और मोशन के सर्वश्रेष्ठ काउंसलर से सलाह लेकर उचित निर्णय लें।

**सफलता का दरवाजा: मोशन भिलाई इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत–** आपके विश्वास से मोशन को कोटा में जेईई, नीट और ओलम्पियाड की तैय्यारी के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान बना दिया है और अब मोशन कोटा का भरोसा भिलाई में साकार होता दिख रहा है। मोशन-भिलाई हमारे लिए किसी इंस्टिट्यूट या संस्था का नाम नहीं है, हमारे लिए यह मिशन है, जिम्मेदारी और संकल्प है। संकल्प शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव का, भावी पीढ़ी के करियर के सपनों को साकार करने का। हमारे लिए हर विद्यार्थी खास है, हम चाहते हैं कि विद्यार्थियों को अच्छे से अच्छा माहौल मिले और वे अपने मकसद में कामयाब हों। हमेशा उनका विशेष ख्याल रखते हैं, उनके सपनों से लेकर सफलता तक के सफर में साथ रखते हैं। उनकी हर समस्या हमारी समस्या होती है और हम उनके समाधान के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इन दिनों, मोशन भिलाई इंस्टिट्यूट में एडमिशन का सिलसिला चल रहा है। यह एक नए शुरुआत का समय है और नए सत्र, नए संकल्प, लक्ष्य और नई उम्मीदों के साथ आया है। मोशन भिलाई, सभी वर्ग के छात्रों के लिए कुछ विशेष लेकर आया है -

**फाउंडेशन कक्षा** - 8, 9, 10 के छात्रों के लिए कॉन्सेप्ट के साथ NCERT की बेसिक्स को स्ट्रांग करते हुए सभी प्रकार की ओलंपियाड की विशेष तैयारी। अभी भी जो छात्र एडमिशन नहीं लिए है उनके लिए अच्छा मौका है सीधे छात्रवृत्ति के आधार पर मोशन में एडमिशन पा सकते हैं जहाँ सप्ताह में 4 दिन क्लास होती है जिसमे फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी, एस. एस.टी., व मेंटल एबिलिटी, मोशन कोटा के विशेष फैकल्टी द्वारा पढ़ाया जाता है।

**कक्षा** – 11 के छात्रों के लिए 2 साल का विशेष **नर्चर बैच** प्रोग्राम जिसमें स्कूल के कॉन्सेप्ट के साथ **'नीट, जेईई'** की कोटा के एक्सपर्ट द्वारा रोजाना 5 घंटे, क्लास ली जाती है जिनका टारगेट नीट/जे.ई.ई.-2026 है वो बिना देर किए मोशन में एडमिशन ले सकते है

**कक्षा** – 12 के छात्रों के लिए **एन्थ्यूस बैच** में रोजाना 5 घंटे **NCERT** एवं **JEE/NEET** की विशेष तैयारी करायी जाती हैं। जिनका टारगेट स्कूल के साथ, नीट/जे.ई.ई.-2025 है वो काफी लेट हो चुके है फिर भी हमारे एक्सपर्ट से मिलकर जानकारी अवश्य लें।

**नीट व जे.ई.ई.**–ड्रॉपर्स के छात्रों के लिए, लीडर्स बैच 13 मई एवं 1 जून से शुरू होने जा रहे है जिसमें रोजाना 6 घंटे की क्लास 11वी, 12वी का सिलेबस एवं सभी प्रकार के टेस्ट सीरीज सम्मिलित है । हिंदी/अंग्रेजी माध्यम की क्लास अलग अलग लगाई जाती है।

और भी बहुत कुछ, सभी के लिए स्पेशल स्पॉट ऑफर के साथ सीट बुक करें, नहीं तो आप लेट हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, आप 152 - न्यू सिविक सेंटर,भिलाई हमारी ब्रांच में विजिट कर सकते है...।

**–नितिन पंड्या**
(डायरेक्टर, मोशन भिलाई)

**खबर संक्षेप**

## फरसगांव प्रीमियर लीग सीजन-3 का आज होगा समापन

**फरसगांव।** नगर पंचायत हाईस्कूल मैदान में यूथ स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित फरसगांव प्रीमियर लीग सीजन -3 क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का समापन बुधवार की रात अतिथियों की उपस्थिति में किया जाएगा। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार को 51 हजार रुपए, उपविजेता टीम को 31 हजार रुपए दिया जाएगा। यही नहीं टीम के मालिक को भी खरीदी अनुसार इनाम की राशि दी जाएगी साथ ही खिलाड़ियों को भी कई आकर्षक पुरुस्कार दिए जाएंगे । इस प्रातियोगिता में इस सीजन 16 टीमो के मध्य मुकाबला हुआ। जिसमे पॉवर हीटर, ट्राइबल योद्धा, फरसगांव सुपर किंग्स, महाकाल इलेवन, फरसगांव इंडियंस, फरसगांव फायर, फरसगांव फाइटर्स, माई दंतेश्वरी इलेवन, मुरनार टाइगर्स, मावा वारियर्स, हसदेव चैलेंजर्स, वीर शिवाजी, जय बूढ़ा देव, बस्तरिया कोयतुर, अबुझमाण्ड टाइटन्स, बिरसा मुंडा इन टीमो ने भाग लिया। । इन सभी टीमो में बस्तरिया कोयतुर और वीर शिवाजी की टीम ने फाइनल मैच में प्रवेश किया है।

**क्राइम: मेला देखकर घर वापस आ रही थी बालिका**

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म तीन युवक किए गए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

■ आरोपी न्यायिक रिमांड पर गए जेल

कोंडागांव जिले के माकड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गाँव के वार्षिक मेले से घर वापस आने के दौरान नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। माकड़ी पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्रांतर्गत रहने वाली प्रार्थिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाया की उसकी 14 वर्षीय बेटी सहेली के साथ वार्षिक मेले से रात को अपने घर आ रहे थे।



तभी बाइक में सवार तीन अज्ञात युवकों ने इनका रास्ता रोका । युवकों ने पीड़िता को जंगल मे ले जाकर बारी- बारी से दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई । घटना के बाद पीड़िता के गुमसुम व उदास रहने पर परिजनों के बारे बारे पूछने पर उसने घटना के बारे में बताया। जिसके बाद परिजनों ने थाने में आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने तीनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाने में अपराध धारा 351, 376 घ क , 376(3) 506, पॉस्को एक्ट के तहत धारा 06 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई। पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ करते हुए घटना के तीन मुख्य आरोपियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में चैनू यादव पिता बलजीत यादव उम्र 20 वर्षीय, देवलाल विषकर्म पिता फुलसिंह उम्र 22 वर्षीय, आकाश नेताम पिता नेतुक नेताम उम्र 24 वर्षीय को गिरफ्तार किया गया । यह सभी आरोपी ग्राम गुहाबोरंड के है । पुलिस विधिवत कार्रवाई कर सोमवार को तीनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार साहू सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

**नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में निर्दोष मासूमों की मौत का सिलसिला**

# चार दिन में तीन निर्दोष की ब्लास्ट की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बीजापुर जिले में आईईडी की चपेट में आने से निर्दोष लोगों के मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले चार दिन में तीन लोगों की मौत नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आने से हो चुकी है।

■ गंगालूर थाना क्षेत्र के मल्लूर में आईईडी की चपेट में आने से शांति पूनेम की भी हुई थी मौत

एक दिन पूर्व भी बोड़गा गांव में खेत में खेल रहे दो मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। 4 दिन में 3 निर्दोषों की हुई मौत हो चुकी है, वहीं 8 साल की सुनीता भी आईईडी ब्लास्ट में घायल हो चुकी है।बीजापुर ज़िले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बोड़गा में यूबीजीएल सेल फटने से दो नाबालिग बच्चों की मौत हो गई थी। खेत में पड़े यूबीजीएल से बच्चे खेल रहे थे तभी ब्लास्ट हुआ और दोनों बच्चों की मौत हो गई। घटना के दौरान ग्रामीण तेंदूपत्ता तोड़ाई में व्यस्त थे। इसी दौरान यूबीजीएल ब्लास्ट होने से लक्ष्मण ओयाम व मुन्ना ओयाम की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजन दोनों बच्चों के शवों को खाट पर लादकर भैरमगढ़ लाए। यूबीजीएल सेल वहां कैसे पहुंचा ये जांच का विषय है। इस इलाके में दो माह पूर्व दो मुठभेड़ के अलावा क्रॉस फायरिंग जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। इससे पूर्व गंगालूर थाना क्षेत्र के ग्राम मल्लूर में आईईडी



ब्लास्ट में शांति पूनेम की भी मौत हो गई थी। हादसा उस समय हुआ था जब तेंदूपत्ता तोड़ने वह जंगल में गई थी। इसी दौरान शांति पूनेम का पैर आईईडी की चपेट में आ गया और ब्लास्ट होने से उसने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने इसे नक्सलियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने लगाया गया आईईडी बताया जबकि इस मामले में नक्सलियों की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। कुछ दिन पूर्व बीजापुर आवासीय पोटाकेबिन में अध्यनरत सुनीता हेमला 8 भी आईईडी की चपेट में आने से घायल हुई थी। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव के मुताबिक बोड़गा में हुई घटना आईईडी ब्लास्ट है जिसकी चपेट में आने से दो नाबालिगों की मौत हुई है।

# भाजपा के कुशासन से छग बना अपराधगढ़ : मरकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

पूर्व मंत्री मोहन मरकाम नारायणपुर ब्लाक कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष विक्रम बैस जिनकी कल रात अज्ञात हमलवारों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी के अंतिम संस्कार में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके परिवारजनों के समक्ष अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर घटना की कड़ी निंदा करते हुये छग की बदहाल हो चुकी कानून व्यवस्था को लेकर विष्णुदेव साय सरकार के ऊपर आरोप लगाते कहा कि जब से छग में भाजपा की सरकार बनी है तब से राज्य में अराजकता बढ़ गई है । राज्य की भाजपा की सरकार की नाकामियों के कारण अपराधियो के हौसले बुलंद होते जा रहे है और छग अपराधगढ़ बनता जा रहा है। जिसका ताजा उदाहरण



नारायणपुर में कांग्रेस के ब्लाक उपाध्यक्ष व न नारायणपुर परिवहन संघ के सचिव विक्रम बैस के ऊपर नारायणपुर जिला मुख्यालय के अंदर बखरूपारा में हमलवारों द्वारा गोली मारकर हत्या करना है । जब शहर में रहने वाले आम नागरिक ही सुरक्षित नही है तो संवेदनशील व अंदरूनी क्षेत्रों में निवासरत क्षेत्रवासियों की सुरक्षा का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। छग में भाजपा की सरकार आने के बाद अपराध में लगाम लगी है कहकर अपना पीठ थपथपाने वाली छग की भाजपा सरकार के कुशासन में अपराधियों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलन्द होते जा रहे हैं और वे बेखौफ वारदात को अंजाम दे रहे हैं। चाक चौबंद सुरक्षा का दम्भ भरने वाली भाजपा सरकार के नाक के नीचे से हमलावर बंदूक लेकर शहर में घुसकर हमला कर हत्या करके निकल जा रहे हैं और मुख्यमंत्री और गृह मंत्री चैन की नींद से सोये हुए हैं। सुबह जागकर प्रदेश सुरक्षित हाथों में है कहकर स्वयं का गुणगान गाते नहीं थकते हैं। जब से छग में भाजपा सरकार आई है तब से ऐसा कोई दिन नही होता जब लूट हत्या अपहरण जैसी खबरें ना आई हो। ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुये घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो ये प्रयास छोड़ सरकार मौन साधे बैठी हुई है जिससे अपराधियों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलन्द होते जा रहे है । मोहन मरकाम ने घटना की कड़ी निंदा करते हुये जल्द से जल्द हत्यारो को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# छात्र- छात्राओं को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

■ कौशल सीखने व ज्ञान वृद्धि का एक अच्छा अवसर शिविर- कलेक्टर

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र–छात्रओं को समृद्ध और आकर्षक अनुभव प्रदान करने, कौशल विकास, शारीरिक गतिविधियां, रचनात्मक अभिव्यक्ति, शैक्षणिक संवर्धन, बाहरी रोमांच, सांस्कृतिक और वैश्विक जागरूकता, आत्मविश्वास और स्वतंत्रता का निर्माण स्व–कौशल विकसित करने के उद्देश्य से 14 से 20 मई तक जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन कोण्डागांव में किया जा रहा है। इस ग्रीष्मकालीन शिविर का कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा मंगलवार को शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर कहा कि ग्रीष्मकालीन छुट्टियां बच्चों को स्कूलों में नियमित रूप से सिखाये जाने वाले कौशलों के अतिरिक्त अन्य कौशल सीखने एवं उनके द्वारा अपने ज्ञान में वृद्धि करने का एक उपयुक्त अवसर प्रदान



करते है। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा बच्चों को अतिरिक्त कौशल दिलाने हेतु ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया है। इसके माध्यम से बच्चे भाषण, वाद–विवाद, ड्राईंग, पेंटिंग, संगीत सहित विशेष कौशल के रूप में फोटोग्राफी–वीडियोग्राफी, ड्रोन बनाना, नाट्य–थिएटर, क्लासिकल डांस, वेस्टर्न डांस सिख सकते हैं। इससे उनमें व्यक्तित्व का विकास होगा, जो उनके सम्पूर्ण विकास में सहायक होगा। उन्होंने आये बच्चों को इस मौके का पूर्ण लाभ उठाएं। जिस भी क्षेत्र में आप आगे बढ़ना चाहते हैं उसकी जानकारी प्राप्त करते हुए अपनी कला का विकास करें। उल्लेखनीय है कि इस ग्रीष्मकालीन शिविर में पीएम श्री शालाओं के विद्यार्थी शामिल होंगे। इन शिविरों का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं प्री मैट्रिक बालक छात्रवास कोण्डागांव में किया जाएगा, जहां प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से संध्या 5.30 बजे तक भाषण, वाद–विवाद, नाट्य–थिएटर ड्राईंग एवं पेंटिंग, क्लासिकल डांस, वेस्टर्न डांस, फोटोग्राफी–वीडियोग्राफी, ड्रोन बनाने की कार्यशाला, संगीत सहित खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर डीएमसी महेन्द्र नाथ पाण्डे, वरिष्ठ खेल अधिकारी सुधा कुमार, सहायक परियोजना अधिकारी कवंलसाय मरकाम, प्राचार्य शिवलाल शर्मा, बीएस पोर्ते, प्रधान अध्यापक निर्मल शार्दुल, मधु तिवारी सहित सभी 6 पीएम स्कूलों के छात्र–छात्राएं, प्रशिक्षक तथा स्कूली शिक्षक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भंज अस्पताल में कोषाध्यक्ष भारती ने किया रक्तदान

**कोण्डागांव।** भारतीय थल सेना में सेवारत सैनिक आनंद मंडावी की माताजी को रक्त की कमी के कारण भंज अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसकी



जानकारी मिलते ही अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती ने भंज अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। जिले से लगभग 500 जवान भारतीय थल सेना में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहें हैं। जब उनकी अनुपस्थिति में उनके परिवार में किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों द्वारा पहुंचकर समस्या का समाधान करने का हर सम्भव प्रयास किया जाता है। दूसरी ओर सेवारत सैनिक भी छुट्टियों के दौरान पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

## नक्सल पीड़ित परिजनों को शासकीय सेवा में शीघ्र नियुक्ति के लिए दस्तावेज कराएं तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में नक्सल प्रभावित पुनर्वास समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। जिला कार्यालय के भू–तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि सभी पीड़ितों को शीघ्र शासकीय सेवा में भर्ती का लाभ प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों की पूति तत्परता के साथ की जाए। उन्होंने शासकीय सेवा में भर्ती के लिए योग्यता संबंधी दस्तावेज के साथ ही वारिसान प्रमाणन पत्र एवं परिवार के अन्य सदस्यों की सहमति पत्र की आवश्यकता को देखते हुए इन दस्तावेजों की पूर्ति शीघ्र करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन दस्तावेजों की पूर्ति में पीड़ितों की पूरी सहायता करें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रुपेश कुमार ढांडे, जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय उरांव, आदिवासी विकास विभाग की उपायुक्त श्रीमती रेशमा खान, उप पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण पोटाई, केपी मरकाम, तहसीलदार विजय मिश्रा, अरुण सिंह सहित नक्सल पीड़ितों के परिजन उपस्थित थे।

## सिदावंद में घर से शराब बेचने वाला एक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

थाना अनंतपुर स्टाफ को मुखबिर के सूचना के आधार पर ग्राम सिदावन्द पर पहुंचकर एक व्यक्ति को उसके घर में अवैध शराब बेचते पकड़ा। नारायण मरकाम पिता आसमान मरकाम उम्र 36 साल निवासी सिदावन थाना अनंतपुर जिला कोंडागाव का होना बताया। जिसके घर की तलाशी लेने पर घर से अंग्रेजी शराब 02 नग रॉयल स्टैग,01 नग हंटर बीयर , 05 नग बूम स्ट्रांग बीयर । कुल जुमला 4 लिटर 500 एम एल, जिसकी कीमत 1690 मिली। बिक्री रकम 150 रुपए को भी मौके पर जब्त कर आरोपी नारायण मरकाम के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने से थाना अनंतपुर मे आबकारी एक्ट की धारा 34(1) ख के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## टेबल टेनिस, फुटबॉल संघ को कलेक्टर ने दिया खेल किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

मई से 03 जून 2024 तक खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2024 का मंगलवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा शुभारंभ किया गया। इस खेल प्रशिक्षण शिविर में टेबल टेनिस, बैडमिंटन, जूडो, कराटे, तीरंदाजी फुटबाल, कुश्ती खेल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। खेल प्रशिक्षण शिविर केवल जूनियर और सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए होगा। इस अवसर पर कलेक्टर ने टेबल टेनिस, फुटबॉल एवं बैडमिंटन खेल संघों और उनके खिलाड़ियों को खेल समाग्रियों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ खेल अधिकारी सुधा कुमार, डीएमसी महेन्द्र नाथ पाण्डे सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण शिविर में जिले के खेल संघ, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं व्यायाम शिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए बैडमिंटन, टेबल



टेनिस का प्रशिक्षण इंडोर स्टेडियम विकास नगर, फुटबॉल का प्रशिक्षण आउटडोर स्टेडियम विकास नगर, कराटे, कुश्ती जूडो, आरचरी का प्रशिक्षण टाउन हॉल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बड़ेकनेरा रोड में दिया जायेगा।

### प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए यहां करें सम्पर्क

प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए इच्छुक खिलाड़ी विकासनगर स्थित कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला कोण्डागांव में पंजीयन के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

**पेज 11 के शेष**

### तीन दिन लौह ....

देकर हटाने के लिए बाध्य किया। इस कारण श्रमिक संगठन प्रबंधन के शर्तों का विरोध करते हड़ताल में चले गए थे। एनएमडीसी प्रबंधन से दुबारा चर्चा के बाद हड़ताल वापस लिया गया, तब जाकर लौह अयस्क की खुदाई और ढुलाई दुबारा शुरू हुई।

### नक्सलियों के प्लांट ....

सुरक्षाबलों को भारी क्षति होने के साथ-साथ अनेक निर्दोष ग्रामीण महिलाएं एवं बच्चे भी आईईडी के चपेट में आने से विस्फोट के शिकार हो चुके हैं। दो दिन पूर्व भी बीजापुर जिले में एक महिला की आईईडी की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। माओवादियों ने बस्तर के अंदरूनी इलाकों को बारूद के ढेर में तब्दील कर रखा है जब भी फोर्स की मूव्हमेंट उन इलाकों में होती है तो आईईडी ब्लास्ट कर फोर्स को नुकसान पहुंचाया जाता है। बस्तर में तैनात सुरक्षाबल इसे सबसे बड़ी चुनौती मानते हैं। वहीं इसकी चपेट में आने से आम लोगों को भी मौतें लगातार हो रही है। छग राज्य बनने के बाद पिछले दो दशक में हजारों जवान व आम नागरिकों की मौत नक्सल वारदात में हुई है जिसमें नक्सलियों का सबसे कारगर हथियार आईईडी को ही माना जाता है। समय के साथ ही आईईडी डिटेक्ट करने के लिए कई अत्याधुनिक उपकरण आ चुके हैं। बावजूद आईईडी ब्लास्ट में जवानों के शहीद व घायल होने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले कुछ वर्ष की बात करें तो आईईडी ब्लास्ट से सर्वाधिक जवानों की शहादत व घायल होने की घटना बीजापुर व सुकमा जिले में हुई है वहीं सबसे कम बस्तर जिले में दर्ज की गई है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले छह वर्ष में सुरक्षाबलों की सतर्कता से 1233 आईईडी बरामद कर डिफ्यूज किया जा चुका है वहीं इन वर्षों में माओवादियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए 246 आईईडी ब्लास्ट किया जा चुका है। समय के साथ आईईडी डिटेक्ट कर डिफ्यूज करने में सुरक्षाबलों के जवानों को सफलता मिल रही है लेकिन छोटी सी चूक सुरक्षाबलों को भारी पड़ रहा है, यही कारण है कि जवानों के शहीद होने व घायल होने का सिलसिला लगातार जारी है।

### जवानों ने नक्सल ...

किया। सभी पार्टी गस्त सर्चिंग करते हुए सुरक्षित कैम्प वापस आए।

इन सामग्रियों को किया बरामद : नक्सलियों के डम्प से बरामद सामाग्रियों में साबुन बम 1 नग, एचई 36 ग्रेनेड 1 नग, डेटोनेटर 1 नग, कोर्डेक्स वायर 1 मीटर, बारूद 500 ग्राम, बीजीएल पाईप बैरल 2 नग, बीजीएल कॉट्रिज 7 नग, रेडियो वायरलेस सेट 2 नग, रेडियो वायरलेस एंटिना 2 नग, रेडियो वायरलेस चार्जर 2 नग, नक्सल साहित्य 50 नग, एंड्राईड फोन 2 नग, की-पेड फोन 1 नग, मेमोरी कार्ड 16 जीबी 1 नग, मेमोरी कार्ड 2 जीबी 1 नग, मोबाईल बैटरी 2 नग, छोटा बैटरी 90 नग, टार्च 1 नग बरामद किया। इसके अलावा फ्लेक्शिबल वायर 2 बंडल, ईयर फोन 3 नग, डीसी एडॉप्टर चार्जर 1 नग, बैटरी क्लीप 3 नग, सोल्डरिंग वायर 1 नग, डीसी मोटर 12 बोल्ट 1 नग, एयर रायफल पैलेट 15 पैकेट, बेल स्वीच 2 नग, इलेक्ट्रिक स्वीच 2 नग, प्रेशर स्वीच 2 नग, पटाखा 2 पैकेट, मेडिसिन बॉल 1 नग, काला वर्दी कपड़ा 5 जोड़ी, पोच बड़ा 8 नग, पोच छोटा 5 नग, बेल्ट 4 नग, जुता 9 जोड़ी, रेन कोट 1 जोड़ी, मच्छरदानी 1 नग, स्टील टिफिन 9 नग, स्टील मग छोटा 1 नग, लकड़ी छेदने का ड्रील सेट 1 पैकेट मिला। साथ ही आयरन फाइल बड़ा 6 नग, आयरन फाईल मिडियम 4 नग, आयरन फाईल छोटा 9 नग, आयरन फाइल गोल वाला 5 नग, ड्रील बीट 7 पैकेट, सेलो टेप 6 नग, प्लास्टिक पॉलिथीन 2 नग, त्रिपाल 1 नग, रस्सी 50 मीटर, गोंद डब्बा 2 नग, एमसील 1 नग वाटर लेबल पाईप 1 बंडल, चश्मा 3 नग, मार्कर पेन 5 नग, लाल फिता 2 नग, प्लास्टिक ड्रम 1 नग, प्लास्टिक बाल्टी छोटा 1 नग, गद्दा कव्हर 4 नग, डिजिटल ऑडियो प्लेयर 1 नग एवं दवाइयां बरामद की गई।

### मंत्रालय में नौकरी ....

अच्छी जान पहचान होना बताकर प्राथीर्या को लीगल असिस्टेंट के पद में नौकरी दिलाने का लालच देकर अलग-अलग तिथियों में कुल 7 लाख 29 हजार 989 रूपए की ठगी की गई। मामले की जांच में पता लगा कि आरोपी नवीन चावला घटना के बाद से फरार था जिसे नया रायपुर से पकड़ा गया। आरोपी विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। बोधघाट पुलिस द्वारा मामले में आरोपी के बैंक अकाउंट में जमा करीबन 3 लाख रूपए को सीज कराया गया है।

### वन अमले ने जब्त...

प्रभारी दोरनापाल धर्मेन्द्र कुमार सिंह तथा वनरक्षक एवं सहायक गोदाम प्रभारी सोनाराम सोढ़ी के सुपुर्द में रखा गया है। इस दौरान वन विभाग के अमले ने बताया कि वर्तमान में तेंदूपत्ता संग्रहण के मद्देनजर वनमण्डलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक जिला सहकारी यूनियन सुकमा के निर्देशानुसार सीमावर्ती इलाकों में लगातार वनोपज के अवैध खरीद एवं परिवहन निगरानी रखी जा रही है। जिससे अधिकाधिक स्थानीय संग्राहक परिवार वनोपज संग्रहण से लाभान्वित हो सकें।

### टीवी देखने सेटबाक्स ....

लोगों के साथ ही परिजनों को सूचना दिया। बच्ची को तत्काल उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान बच्ची की मौत हो गई। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया वहीं घटना के बाद से परिजनों व रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 15 मई 2024

10 चार दिन में तीन निर्दोष की ब्लास्ट की चपेट में ...


12 आड़ावाल नाका से ओरना कैंप तक रोड में आए दुकान





# तीन दिन लौह अयस्क की ढुलाई बंद होने से करोड़ों का नुकसान

## रेलवे और एनएमडीसी का काम हड़ताल से प्रभावित रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएमडीसी प्रबंधन एवं श्रमिक संगठनों के बीच वेतन समझौते में रिवीजन विवाद के बाद एसकेएमएस व अन्य संगठनों ने 4 दिन पहले अपनी मांगों को मनवाने काम बंद हड़ताल में चले गए थे। हड़ताल का असर यह हुआ कि तीन दिनों तक किरन्दुल-बचेली से विशाखापटनम और जगदलपुर साइडिंग में लौह अयस्क की ढुलाई ठप रही। श्रमिक संगठनों की मानें तो काम बंद हड़ताल के चलते एनएमडीसी और रेलवे को करोड़ों का नुकसान हुआ है। जबकि दोनों प्रबंधन ने दावा किया है कि ढुलाई बंद होने से नुकसान जैसे कोई बात नहीं है। हड़ताल खत्म होने के बाद सोमवार देर रात से माल ढुलाई प्रारम्भ हो चुका है। इधर रेलवे भी लौह अयस्क ढुलाई बंद होने से माल परिवहन रैक में वृद्धि कर भरपाई में जुट गया है। किरन्दुल एसकेएमएस के सचिव राजेश संधू ने एनएमडीसी प्रबन्धन पर आरोप लगाते कहा कि प्रबंधन ब्लेक मेलिंग पर उतरी हुई है। 1 जनवरी 2022 से एनएमडीसी श्रमिकों का वेतन समझौते पर रिवीजन ड्यू था। इसको लेकर एनएमडीसी प्रबंधन व श्रमिक संगठनों के बीच बातचीत चल रही थी। इस बीच एनएमडीसी प्रबंधन श्रमिक संगठनों पर एक शर्त रख दिया और बचेली-किरन्दुल के वेस्ट माइनिंग को आउट सोर्सिंग के जरिये कांट्रेक्ट में ▶▶| शेष पेज 10 पर



### एनएमडीसी की क्या थी शर्त

एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा किरंदूल और बचेली प्रोजेक्ट में वेस्ट माइनिग को आऊट सोर्सिंग करने तथा यूनियन को इस शर्त के मान लेने पर वेतन समझौता पर चर्चा आगे बढ़ाने की बात पर विवाद गहराता जा रहा है। जिसके चलते यूनियन ने लौह अयस्क उत्पादन और परिवहन ठप कर दिया है। संयुक्त यूनियनों ने प्रबंधन को चेताया है कि ऐसी शर्तों के साथ वेतन समझौता मजूंर नहीं है।किरंदूल परियोजना में प्रबंधन के इस रवैये के खिलाफ कल सीजीएम पर्सनल का घेराव किया तथा जमकर नारेबाजी की गई।

## खबर संक्षेप



### कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं, सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** एफओसी मेटेंनेश व ऑपरेटर ने वेतन के संबंध में अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि नारायणी एवं सिमरन कंपनी के अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मचारियों को माह फरवरी से वेतन नहीं मिला है। जीवनयापन के साथ-साथ ड्यूटी आने तक के लिए आर्थिक मजबूरियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कंपनी के ठेका प्राप्तकर्ता को मौखिक एवं मोबाईल से बात करने पर बताया गया कि कार्यालय से बिल संलग्न है पास नहीं हुआ है। सभी कर्मचारियों का वेतन 25 मई तक भुगतान नहीं होता है तो 26 मई को कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। कर्मचारियों ने जल्द वेतन का भुगतान कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान टकेश, पुष्पराज, बीरेन्द्र, पुरूषोत्तम, हरेन्द्र, चैन, सोमनाथ, मोहन, मनेन्द्र, लखन, गुलसन, बलराम, बामन, छबी, सुखराम, बलराम बघेल, कपील, धीरज, पुरूषोत्तम, मनोज, जुगेन्द्र तिर्की, विक्रांत कश्यप, टीकम चंद साहू, आयुष कुमार, हनुमंत चौरसिया, ललित भारती, दिनेन्द्र दीवान, रामनाथ, अजय नेताम, कृष्णा नाग, विमो, दीनबंधु, टंकेश्वर, शंभू, ललित सिन्हा, कैलाश, सोमेश मौजूद थे।

### युवक ने लगाई फांसी

**जगदलपुर।** मंगलवार को शहर के एक युवक ने अपने ही घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बोधघाट थाना क्षेत्र के गंगानगर वार्ड निवासी विशाल यादव (19) ने अज्ञात कारण से सुबह अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची बोधघाट पुलिस की टीम शव पंचनामा के बाद शव पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस जांच कर रही है। युवक ने आत्महत्या क्यों की, इसका पता नहीं लग सका है।

### नवोदय के प्रीतम 10 वीं मे जिले में रहे प्रथम

**कांकेर।** सीबीएसई के द्वारा कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया हैं। इस परीक्षा में पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय करप, कांकेर के कक्षा दसवीं के छात्र मास्टर प्रीतम विस्वास ने 94.4 अंक प्राप्त कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही मास्टर लक्ष्य डडसेना के द्वारा 94 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। उक्ताशय जानकारी संस्था की प्राचार्य जयंत पी. गोपाल ने दिया।

## समस्या : आईईडी बनी चुनौती, चपेट में आने से छह वर्ष में 58 जवान शहीद, 184 हुए घायल

# नक्सलियों के प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आने से सैकड़ों ग्रामीणों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जवानों को टॉरगेट करने में आईईडी सबसे घातक हथियार
- दो दशक में 1689 आम लोगों की जान गई नक्सली हिंसा में

नक्सलियों के सबसे घातक हथियार आईईडी की चपेट में आने से बस्तर संभाग में अब तक सैकड़ों जवानों की जान जा चुकी है। बस्तर संभाग के सातों नक्सल प्रभावित जिलों में जवानों को टॉरगेट करने के लिए माओवादियों ने हजारों की संख्या में आईईडी प्लांट कर रखा है जो काफी घातक हथियार माना जाता है। इसकी चपेट में आने से वर्ष 2018 से अब तक 58 जवान शहीद हो चुके है वहीं 184 जवान गंभीर रूप से घायल हो चुके है। वहीं मारे गए आम लोगों की बात करें तो दो दशक में 1689 आम लोगों की जान आईईडी की चपेट में आने से तथा नक्सली हिंसा में जा चुकी है। विगत वर्षों में ▶▶| शेष पेज 10 पर







### 2018 में सर्वाधिक जवान हुए शहीद

बस्तर संभाग में वर्ष 2018 में आईईडी ब्लास्ट से सर्वाधिक 30 जवान शहीद हुए जिनमें सुकमा जिले में 12 जवानों की शहादत हुई थी। वहीं वर्ष 2019 में 10, 2020 में 1, 2021 में 1, 2022 में 2 व वर्ष 2023 में अब तक 14 जवान आईईडी की चपेट में आने से शहीद हो चुके है। वहीं घायल जवानों की संख्या इन छह वर्षों में 184 दर्ज की गई है। वर्ष 2018 में सर्वाधिक 84 जवान आईईडी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए थे। वहीं 2019 में 22, 2020 में 17, 2021 में 19, 2022 में 12 व वर्ष 2023 में 30 जवान अब तक घायल हो चुके है।

### आईईडी ब्लास्ट की घटना में कमी नहीं, ऐसे करते हैं डिटेक्ट

बस्तर के बीहड़ों में सचिंर्ग व आपरेशन के दौरान जवानों द्वारा हजारों की संख्या में बम बरामद किया जा चुका है। इनमें कई नई तकनीक भी ईजाद हुई है। बीडीएएस याने बम डिक्टेशन एण्ड डिस्पोजल स्कवॉड की नौ सदस्यीय टीम के जिम्मे बम को डिटेक्ट कर डिफ्यूज करने की जिम्मेदारी होती है जो सचिंर्ग व आपरेशन के दौरान दल का हिस्सा होती है। इनमें सबसे पहले टीम के सदस्य द्वारा बम डिटेक्ट किया जाता है। बम डिटेक्ट करने में ट्रेंड डॉग की भी महती भूमिका होती है जो बम कम्फर्म करते है। दोनों सदस्यों के द्वारा बम डिटेक्ट करने के बाद अगला काम डिस्पोजल करने वालों की होती है जो पूरे इलाके को ब्लाक करते हैं फिर बम डिस्पोजल कर दिया जाता है। बीडीएएस की टीम द्वारा अत्याधुनिक उपकरण ट्रिपवायर फिलर, प्रोडर विथ नॉन मेटेलिक टिप, रेकर, ग्रेनल विथ रोप, इनंटनेचिंग टूल, मेग्नीफाई ग्लास, एक्सटेंशन सर्च मिरर से लैस होते है।



# जवानों ने नक्सल विस्फोटक समेत अन्य डम्प सामग्री की बरामद

## ग्राम साकलेर की जंगल पहाड़ी में मिला सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



नक्सल अभियान के दौरान भारी मात्रा में नक्सलियों का विस्फोटक एवं अन्य डम्प सामाग्री को जवानों की संयुक्त टीम ने बरामद किया है। रविवार को नक्सलियों की उपस्थिति की जानकारी पर सुरक्षा बलों के द्वारा विशेष नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया। नक्सल अभियान के दौरान ग्राम साकलेर के जंगल पहाड़ी से नक्सलियों का डम्प सामाग्री बरामद किया गया। नक्सल अभियान में जिला बल, डीआरजी, एसटीएफ एवं 204, 206, 208 कोबरा वाहिनी की टीम शामिल रही।

पुलिस के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों की लगातार उपस्थिति की सूचना पर 12 मई को निखिल अशोक कुमार राखेचा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, तोमेश वर्मा उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी सुकमा एवं 204, 206, 208 कोबरा वाहिनी के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में जिला बल, डीआरजी सुकमा, एसटीएफ सुकमा एवं 204, 206, 208 कोबरा वाहिनी की संयुक्त पार्टी अलग-अलग टीम तैयार कर विशेष नक्सल विरोधी अभियान के लिए नक्सलियों के कोर एरिया ग्राम दुलेड़, बोट्टेतोंग, रासापल्ली, पीनाचंदा, साकलेर, ईरापल्ली, मेट्टामुड़ेम एवं आस-पास जंगल पहाड़ी की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान 13 मई को चिन्नावेली कोंडा (साकलेर जंगल) के पास पुलिस पार्टी की गतिविधियों को देखकर नक्सली जंगल-झाड़ी की आड़ लेकर भाग गये। तत्पश्चात घटना स्थल की सर्चिंग करने पर नक्सलियों द्वारा छिपाकर कर रखे गए भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सल सामाग्रियों को डम्प स्थल से जवानों ने बरामद ▶▶| शेष पेज 10 पर

# मंत्रालय में नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला नया रायपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- लीगल असिस्टेंट के पद में नौकरी के लिए वसूला था 7.29 लाख रूपए

नौकरी के नाम पर ठगी का एक और मामला सामने आया है। आरोपी द्वारा मंत्रालय में लीगल असिस्टेंट के पद में नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थिया से 7.29 लाख रूपए की ठगी की गई थी। मामले कि रिपोर्ट प्रार्थिया द्वारा सप्ताहभर पूर्व बोधघाट थाने में दर्ज कराई थी जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को नया रायपुर से गिरफ्तार कर लिया गया।

रिपोर्ट पर एसपी शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग एवं सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मंत्रालय में नौकरी दिलाने के नाम से ठगी करने वाले वाले आरोपी नवीन चावला पिता राजकुमार चावला 27 वर्ष निवासी विन्ध्यवाशनी वार्ड थाना कोतवाली धमतरी को गिरफ्तार कर जगदलपुर लाया गया। मामले कि रिपोर्ट प्रार्थिया द्वारा 7 मई को बोधघाट थाना में दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 16 अगस्त 23 से 13 सितम्बर 2023 के बीच आरोपी नवीन चावला अपने आप को रायपुर मंत्रालय में अपनी कार को किराया में देना तथा मंत्रालय के अधिकारियों से ▶▶| शेष पेज 10 पर



### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

मामले में त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरुण मरकाम, प्रधान आरक्षक चोवा दास गेंदले, आरक्षक टोमेश्वर चंद्राकर, विजय तिर्की व कामदेव दर्रो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# वन अमले ने पकड़ा अवैध तेंदूपत्ता वसूला 40 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

वन अमले ने सुकमा वनमंडल के अंतर्गत साढ़े 24 हजार गड्डी अवैध तेंदूपत्ता जब्त कर 40 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया है। वनमण्डलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक जिला सहकारी यूनियन सुकमा अशोक पटेल के निर्देश के परिपालन में वन परिक्षेत्र दोरनापाल अंतर्गत 13 मई को एसडीओ फारेस्ट दोरनापाल एवं उप प्रबंध संचालक जिला सहकारी यूनियन सुकमा सहित परिक्षेत्र अधिकारी दोरनापाल, सुकमा, जगरगुण्डा और कोण्टा के साथ ही वन परिक्षेत्र दोरनापाल के अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग से दोरनापाल परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी नावघाट एवं अंतर्राज्यीय मार्गों पर वनोपज संग्रहण का जांच किया गया है। जिसमें ग्राम पेदाकुर्ती में मोहम्मद अब्दुल करीम खान वल्द मोहम्मद अब्दुल पीर खान उम्र 29 वर्ष निवासी कोण्टा, कवासी हिरमा पिता कवासी सिंगा उम्र 55 वर्ष निवासी कुर्ती तथा शेख नईम पिता शेख सुहान उम्र 45 वर्ष निवासी कोंटा के द्वारा अवैध रूप से फड़ लगाकर खरीदे गये 24,500 गड्डी तेंदूपत्ता को जप्त किया गया। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जप्त उक्त अवैध हरा तेंदूपत्ता के लिए सम्बन्धितों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर 40 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूल किया गया। वहीं जप्त तेंदूपत्ता को वनपाल एवं गोदाम ▶▶| शेष पेज 10 पर

# एक इनामी महिला समेत 5 नक्सली गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के थाना अरनपुर क्षेत्र से 1 महिला सहित 5 नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक नक्सली पर 1 लाख रुपए का इनाम है। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत मंगलवार को अरनपुर क्षेत्र में मलांगेर एरिया कमेटी के नक्सलियों के मूवमेंट की सूचना पर डीआरजी दंतेवाड़ा, थाना अरनपुर एवं सीआरपीएफ 111वीं वाहिनी यंग प्लाटून की संयुक्त पार्टी द्वारा अरनपुर समेली मार्ग में एमसीपी की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान 1 महिला सहित 5 संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस पार्टी द्वारा पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम मंगली मरकाम उर्फ मंगड़ी पिता स्व पोल्ला मरकाम उम्र लगभग 25 वर्ष, आयता मरकाम पिता हुंगा मरकाम उम्र लगभग 33 वर्ष, विज्जा राम नुप्पो पिता माड़का उम्र लगभग 30 वर्ष, जोगा ताती पिता गंगा ताती उम्र लगभग 20 वर्ष एवं देवा राम नुप्पो पिता हुंगा नुप्पो उम्र लगभग 34 वर्ष जो मलांगेर एरिया कमेटी के अंतर्गत रेवाली पंचायत एवं बुरगुम पंचायत में सीएनएम व मिलिशिया सदस्य के पद पर प्रतिबंधित नक्सल संगठन में कार्य करना बताये। जिनके विरूद्ध पूर्व से थाना अरनपुर में कई अपराध पंजीबद्ध है। उक्त नक्सलियों को गिरफ्तार करने पश्चात न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इन नक्सलियों की गिरफ्तारी में डीआरजी दंतेवाड़ा, थाना अरनपुर एवं 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ यंग प्लाटून का विशेष योगदान रहा।

# टीवी देखने सेटबाक्स को छूते ही लगा करंट, छात्रा की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बस्तर थाना क्षेत्र के मुंडापाल की घटना
- पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही

बस्तर थाना क्षेत्र के मुंडापाल निवासी 6 वीं कक्षा की छात्रा की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है टीवी देखने के लिए जैसे ही उसने सेटबाक्स का छुआ उसे बिजली का शॉक लगा और वह बेहोश हो गई। जिसके बाद उसे उपचार के लिए महारानी अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी जानकारी के मुताबिक बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडापाल में रहने वाले सुकु कश्यप की बेटी टीवी देखने के लिए सेट टॉप बॉक्स को छूते ही करंट की चपेट में आ गई। घटना के बाद बच्ची को बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को बच्ची के पीएम के बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया।

मामले की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि सुकु कश्यप की 12 वर्षीय बेटी जयमति जो मुंडापाल गांव के स्कूल में कक्षा 6वीं की छात्रा थी। सोमवार की रात को घर में टीवी देखने के लिए जैसे ही सेटअप बॉक्स को पकड़ा तभी करंट लगने के कारण बेहोश हो गई। जयमति के बेहोश होते ही घर में मौजूद बच्चों ने आसपास के ▶▶| शेष पेज 10 पर

## ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवात परिसंचरण बना, बारिश के संकेत

# तापमान में कमी, नमी से उमस बनने से बढ़ी बैचेनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- तीन-चार दिनों से मौसम में लगातार हो रहा बदलाव

बस्तर अंचल में पिछले तीन-चार दिनों से मौसम में बदलाव हो रहा है, खासकर बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी की वजह से उमस से लोगों की बैचेनी बढ़ गई है। वातावरण में आद्रता आने से लोग चिपचिपाती गर्मी से परेशान है। मंगलवार को दिनभर आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली। जबकि देर शाम से बादलों का आना-जाना प्रारम्भ हो गया था। किसी-किसी पेच में काले बादल का ठहराव भी देखा गया। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक जगदलपुर में आज अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिसे कम होकर 36.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान में भी हल्की गिरावट होकर 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि आज सुबह आद्रता 63 और शाम साढ़े 5 बजे 42 प्रतिशत आंका गया। मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक वायुमण्डल में एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम विदर्भ के उपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।



### वज्रपात की भी संभावना

*प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि की संभावना बन रही है। मानसून की शुरूआत बंगाल की खाड़ी में प्रारंभ हो चुका है। 19 मई के आसपास अंडमान और निकोबार द्वीप तक पहुंच सकता है।*

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### हाईस्कूल और आईआईटी में हर्षवर्धन को सफलता



**जगदलपुर।** हर्षवर्धन ने डॉक्टर केके आर स्कूल आनंदपुरम विशाखापटनम में आईआईटी फाउंडेशन के साथ अध्ययन करते हुए सीबीएससी हाई स्कूल परीक्षा में 86.4 प्रतिशत अंक एवं आईआईटी मैंस में फर्स्ट रैंक, एडवांस में सेवेंथ रैंक हासिल कर परिवार को गौरवान्वित किया है। उनके इस सफलता पर उज्जवल भविष्य के लिए परिजनों एवं स्नेहीजनों ने शुभकामनाएं दी है। हर्षवर्धन कुम्हरावंड निवासी पिता शिवा रेड्डी और माता सत्यवेणी के सुपुत्र हैं।

### पीड़िया मुठभेड़, कांग्रेस ने बनाई 8 सदस्यीय जांच दल

**बीजापुर।** जिले के धुर नक्सल प्रभावित पीड़िया के जंगलों में बीते दिनों हुए मुठभेड़ ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। मुठभेड़ पर लगे फर्जी आरोप के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने घटना की वस्तु स्थिति जानने पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम के नेतृत्व में आठ सदस्यीय जांच दल का गठन किया हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पीड़िया मुठभेड़ पर फर्जी आरोप के बाद घटना की वस्तु स्थिति जानने, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम के नेतृत्व में आठ सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। जिसमें समिति के संयोजक संतराम नेताम के अलावा मोहला मानपुर विधायक इंद्र शाह मंडावी, बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी, बिंद्रनवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, दंतेवाड़ा की पूर्व विधायक देवती कर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नारायणपुर रजनु नेताम व बीजापुर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम को समिति का सदस्य बनाया गया हैं। जांच समिति से कहा गया है कि वे अविलंब प्रभावित गांव का दौरा कर पीड़ित परिजनों सहित स्थानीय ग्रामवासियों से भेंट चर्चा कर घटना की वस्तु स्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन पीसीसी को प्रेषित करें।

### कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड कार्यशाला आज

**दंतेवाड़ा।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज कारली में 15 मई को 10:30 बजे से 3 बजे तक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में बस्तर संभाग में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं में सिक्योरिटी गार्ड की रिक्तियों की जानकारियों के साथ-साथ सिक्योरिटी गार्ड के लिए वांछित योग्यता, शारीरिक मापदंड एवं आवश्यक अहर्ताओं और शर्तों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही इस कार्यशाला में आगामी प्रशिक्षण के लिए पंजीयन भी होगा। इसके अलावा रायपुर में सिक्योरिटी गार्ड प्रशिक्षण हेतु 15 दिवस का आवासीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित होगा। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को वर्दी दी जाएगी।

### बाली परब में शामिल हुए बस्तर विधायक



**भोंड।** ग्राम पंचायत चोलनार में जगार बाली परब मनाया जा रहा है। जगार भीमा देव से जुड़ा बस्तर का पारम्परिक रीति-रिवाज से मनाया जाने वाला पर्व है। इस पर्व में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल शामिल हुए। इस पर्व की महत्ता बताते विधायक बघेल ने कहा कि बस्तर का बाली परब छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस त्योहार को मुख्य रूप से बस्तर संभाग के उत्तर और पूर्वी भाग में मनाया जाता है। बस्तर विधायक ने कहा कि बाली परब को जगार भी कहते है। इस त्योहार को मनाने का कोई विशेष दिन या महीना नहीं होता। आदिवासी मिलकर अपनी सुविधा अनुसार त्योहार की तारीख तय करते हैं, क्योंकि यह त्योहार एक या दो दिन तक नहीं बल्कि महीनों तक चलता है। इसके पश्चात विधायक बघेल प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्राम बिलोरी में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर होम-हवन में आहुतियां देकर देवी-देवताओं की मूर्तियों का शुद्धिकरण किया गया। तत्पश्चात विधायक बघेल ने माता हिंगलाजिन से आशीर्वाद लेकर क्षेत्र वासियों की सुख-समृद्धि, शांति व खुशहाली की कामना की।






## राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर होने से दुर्घटनाएं बढ़ी

# आड़ावाल नाका से ओरना कैंप तक रोड में आए दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर से लगा ग्राम पंचायत आड़ावाल का ओरना कैंप बड़ा व्यवसायिक सेंटर बन गया है। शहर के मेन रोड स्थित कपड़ा मार्केट से ज्यादा ओरना कैंप में व्यवसाय चल रहा है। कपड़ा के अलावा मिठाई, मछली समेत अन्य सभी तरह के थोक और चिल्लर सामानों की दुकानें आड़ावाल फारेस्ट नाका से ओरना कैंप में लग गई है। इसी मार्ग पर नगरनार स्टील प्लांट होने के कारण यह क्षेत्र दुर्घटनाओं के लिए खतरनाक हो गया है।

कल शाम को ही केटीएम बाईक में सवार आमागुड़ा के दो युवकों का वाहन डिवाईडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें से एक की स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हर 2-4 दिन में दुर्घटनाएं घटित होना आम बात हो गया है। जिस तेजी से ओरना कैंप का व्यापार फला फुला उस रफ्तार से दुकानदार भी अपनी दुकानों को रोड तक ले आए हैं। नाली के पीछे दुकान होना चाहिए लेकिन यहां नाली के उपर प्लेटफार्म में ही दुकानें तान दी गई है और शेड भी बना दिए गए हैं। गौरतलब है कि यह इलाका राष्ट्रीय राजमार्ग में आता है। एनएच होने के कारण भारी वाहनों की दिन रात आवाजाही होती है। वहीं डिवाईडर बनने के बाद दोनों साईड की सड़कें सकरी हो गई है जिसके चलते तेज रफ्तार वाहनें दुर्घटनाग्रस्त हो रही है। इसी जगह पर कई युवा मौत के शिकार बन चुके हैं। आबादी बढ़ने के साथ-साथ व्यापार भी बढ़ गया है इस कारण आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए भी शहर में खरीददारी की बजाय ओरना कैंप में खरीदी आसान हो गई है। इस कारण से भी सुबह से देर शाम तक दुकानों में भीड़ रहती है। यातायात पुलिस के अधिकारी और जवान नेशनल हाईवे पर अपनी दुकानों को रोड तक तान देने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करने की बजाय ओरना कैंप के थोड़ा आगे वटवृक्ष के नीचे हर 1-2 दिन में खड़े होकर चालान काटने में व्यस्त रहते हैं। उन्हें दुर्घटना में मर रहे लोगों की चिंता नहीं है। उन्हें राजस्व की पूर्ति करना ज्यादा प्राथमिक काम प्रतीत होता है। लोगों का कहना है कि कभी भी यातायात, पुलिस और राजस्व अमला सड़क को चौड़ा करने के लिए कुछ भी प्रयास नहीं कर रहे हैं।

### रोड चौड़ा करने नहीं चालान काटने में लगी है यातायात पुलिस







### पटाखा, मिठाई और कपड़े का व्यापार शहर से आगे

आड़ावाल पंचायत क्षेत्र का एक इलाका ओरना कैंप में बंगाली समाज के लोगों की बहुलता है। इसलिए यहां इसी समाज के लोगों की बड़ी-बड़ी दुकानें हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुकानें होने से अच्छा खासा व्यवसाय भी फल फुल रहा है। विशेषकर दीपावली में पटाखा की दुकानें अलग से यहां लगती है। वहीं कपड़े और मिठाई के लिए शहर से लोग वहां जाते हैं। इस तरह आबादी के साथ-साथ भीड़ बढ़ने से सड़कों को चौड़ा करना जरूरी हो गया है।

### बोधघाट थाना में आता है ओरना कैंप

आड़ावाल क्षेत्र के नगर पंचायत बनाने के लिए पूर्व में पहल हो चुकी है। यहां की आबादी भी काफी बढ़ गई है। बस्तर नगर पंचायत की तरह आड़ावाल को नगर पंचायत आबादी और टैक्स के लिहाज से बनाया जा सकता है। आड़ावाल पंचायत बोधघाट थाना में आता है अलग से वहां चौकी या थाना नहीं है।

# ओडिशा में इस बार खिलेगा कमल : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



छत्तीसगढ़ चुनाव के संभावित 11 सीटों के विजय होने की ऊर्जा के साथ अब यहां के मंत्री व पदाधिकारी ओडिशा की ओर अपना रुख कर रहे है। मोदी लहर व छत्तीसगढ़ में सरकार की योजनाओं को लेकर मंत्री केदार कश्यप व उनकी टीम पूरे तन्मयता के साथ जुट गई है।

केदार कश्यप पीएम मोदी के संकल्प व 400 पार को लेकर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए स्वयं दिन रात एक कर रहे है। ओडिशा के झारसुगुड़ा में वनमंत्री केदार कश्यप एवं आदिवासी नेता एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने भारतीय जनता पार्टी जिला चुनाव कार्यालय में जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ आज बैठक कर चुनाव रणनीतियों पर चर्चा की।

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और संकल्प पत्र के एक एक बिंदु को हमें जन-जन और घर-घर तक पहुंचाना है। साथ ही केंद्र सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यों को हर सभा, सम्मेलन में आम जनों तक पहुंचाना होगा। पीएम आवास हो, नल-जल योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, महिलाओं के सम्मान के लिए शौचालयों का निर्माण हो, इन सभी योजनाओं का खूब प्रचार-प्रसार करने की बात कही। साथ ही उन्होंने पुरजोर तरीके से अबकी बार 400 पार के नारे को उठाने की बात की। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी समाज के लिए जितना कार्य पिछले 10 वर्षों में केंद्र में रहते हुए किया, वो आज तक किसी भी सरकार ने नही किया है। आदिवासी समाज के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ उनके सांस्कृतिक विरासत का भी संवर्द्धन मोदी सरकार कर रही है। उड़ीसा में भी इसका लाभ आदिवासियों को प्राप्त हो, इसलिए डबल इंजन की सरकार बनाना क्यों अति आवश्यक है, इस पहलू को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर काम करने की बात मरकाम ने कही। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष, झारसुगुड़ा समेत तमाम पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### जन्मोत्सव पर किया हनुमान चालिसा पाठ



**जगदलपुर।** भगवान आदिगुरु शंकराचार्य जन्मोत्सव शहर के प्रवीर वार्ड के लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर आदित्यवाहनी व आनंदवाहिनी के कार्यकर्ताओं के पहल पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण कर आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालिसा का पाठ किया। वक्ताओं के द्वारा जीवनी पर प्रकाश डाला गया। आचार्य त्रिपाठी ने बताया कि भगवत्पाद आद्यशंकराचार्य महाभाग ने आज से 2531 वर्ष पूर्व तात्कालीन शासनतंत्र ने जब सनातन संस्कृति को विनष्ट करने का षड्यंत्र किया तथा भारत को खंडित करने का प्रयास किया तब उस काल में इस अनीति के विरूद्ध शंखनाद करते हुये अल्प समय में ही दिग्विजय यात्रा करते हुये हिन्दुओं के प्रशस्त मान बिन्दुओं की रक्षा करते हुये वैदिक साम्राज्य की स्थापना की।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग कोर्स के इच्छुक छात्रों के लिए अंतिम अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



जिला प्रशासन के तत्वाधान में नवगुरुकुल में निःशुल्क 18 माह के आवासीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग कोर्स के लिए एडमिशन पुनः शुरू हो चुका है। इस संबंध में जिले में छात्रों के निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु एडमिशन के तहत बचेली में कुआकोंडा, कटेकल्याण, दंतेवाड़ा और गीदम में प्रवेश परीक्षा ली गई थी। इसी कड़ी में अगला एवं अंतिम सेमिनार 17 मई को ऑडिटोरियम एजुकेशन सिटी जावंगा में आयोजित किया जावेगा।

गौरतलब है कि इस विशेष सेमिनार के माध्यम से निःशुल्क आवासीय सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग के कोर्स में प्रशिक्षित होने का यह छात्रों के लिए अंतिम अवसर है। यह निःशुल्क सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग कोर्स आईआईटी एवं एनआईटी के भूतपूर्व छात्रों द्वारा डिजाइन किया गया है। जिससे कि युवाओं को आधुनिक कौशल से जोड़कर उन्हें शत-प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने का अवसर उपलब्ध हो सके। उल्लेखनीय है कि इस निःशुल्क आवासीय सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग के कोर्स में भाग लेने से छात्रों को 1.5 साल का निःशुल्क आवासीय सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग कोर्स करने, पाठ्यक्रम के दौरान निःशुल्क लैपटॉप, हाई-स्पीड इंटरनेट और पाठ्यक्रम समाप्ति पर 100 प्रतिशत प्लेसमेंट की गारंटी तो रहेगी ही। इसके अलावा छात्रों के लिए निःशुल्क भोजन इत्यादि की सुविधा भी दी जावेगी। इस हेतु इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए उम्र 17 से 29 वर्ष व शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास आउट या 12वीं पास निर्धारित की गयी है।

इस संबंध में एडमिशन की प्रक्रिया के अनुसार नवगुरुकुल में प्रवेश लेने के लिए सबसे पहले 10वीं स्तर तक की मूलभूत गणित का टेस्ट पास करना रहेगा और अच्छे अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया जायेगा और इसी प्रदर्शन के आधार पर गुरुकुल में चयनित किया जायेगा।

# 3-इंजन ऑप्शन के साथ महिंद्रा की एक्सयूवी 3 एक्स ओ लॉन्च

**जगदलपुर।** महिन्द्रा रेंज ऑफ व्हीकल्स के अधिकृत डीलर बीआर बालाजी एलएलपी में मंगलवार को महिन्द्रा एक्सयूवी 3एक्सओ को कम्पनी ने कुल 9 वेरिएंट्स में लॉन्च किया। ये एक्सयूवी पेट्रोल और डीजल दोनों इंजन विकल्प के साथ बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध होगी।

महिन्द्रा एक्सयूवी 3एक्सओ की लांचिंग एमएमटीसी लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक श्रीनिवास राव मद्दी, डायरेक्टर राजीव कपूर एवं शहर के प्रतिष्ठित व्यापारियों के हाथों हुई। देश की प्रमुख एसयूवी वाहन निमार्ता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 29 अप्रैल को अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी महिन्द्रा एक्सयूवी 3एक्सओ को

- शुरूआती कीमत 7 .49 लाख, 15 से बुकिंग होगी शुरू

भारतीय बाजार में बिक्री के लिए लॉन्च कर दिया है। बेहद ही आकर्षक लुक और दमदार इंजन से लैस इस एसयूवी की शुरूआती कीमत महज 7.49 लाख रुपये एक्स-शोरूम तय की गई है। बीआर बालाजी एलएलपी में इसकी बुकिंग 15 मई से शुरू हो जाएगी। मूल रूप से एसयूवी 300 के अपडेटेड वर्जन में कंपनी ने एक से बढ़कर एक शानदार फीचर्स और तकनीक को शामिल किया है। महिन्द्रा एक्सयूवी 3एक्सओ में सनरूफ मिलेगा, जो कि सभी लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। एसयूवी के डिजाइन की बात करें तो इसे कंपनी ने स्पोर्टी लुक दिया है। पूरी तरह से नए फ्रंट फेस के साथ इसका डिजाइन काफी हद तक महिंद्रा के 'बीई' लाइन-अप से प्रेरित नजर आता है, इसमें नए डिजाइन का ड्रॉप-डाउन एलईडी डे टाइम रनिंग लाइट्स, ट्रांएगुलर इंसर्ट के साथ नया ग्रिल सेक्शन और नया हेडलैंप दिया गया है। एसयूवी के पिछले हिस्से को भी बिल्कुल नए तरह से डिजाइन किया गया है, इसमें सी-शेप एलईडी टेल लैंप दिया गया है जो कि एसयूवी के पिछले हिस्से को पूरी चौड़ाई तक कनेक्ट करता है। इसमें लेवल 2 अऊटर सिक्योरिटी फीचर्स के साथ तीन इंजन ऑप्शन दिए गए हैं।






बिजनेस साईट

# 12वीं में कृतिका और 10वीं अदिति प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





चिड़ईपदर स्थित संस्कार द गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई परीक्षा परिणाम उत्तम रहा। 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय की कृतिका गर्ग ने 96 प्रतिशत अंक पाए वहीं 10 वीं परीक्षा में अदिति गर्ग ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किया। विज्ञान समूह से कृतिका को अंग्रेजी, भौतिकी में 95 अंक मिले हैं। रसायन में 98 और बायो और गणित में 95 पीई में 97 अंक मिले। इस तरह कृतिका 480 अंक लेकर उत्तीर्ण हुई। विज्ञान समूह से 12 वीं में अदिति पाण्डे और पवन ठाकुर ने उच्च अंक पाकर संस्था और बस्तर अंचल को गौरान्वित किया है। 12 वीं कामर्स से रिशी उमरवैश्य को 80.04 प्रतिशत मिला वे पहले स्थान पर और श्रृष्टि पारेख द्वितीय तथा सोनल पाठक तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम उत्तम रहा। अदिति ने गणित में 100 में 100 अंक पाया है। हिन्दी में 97 अंग्रेजी में 96 विज्ञान में 99 अंक मिले। सामाजिक विज्ञान में 98 अंक मिले। दसवीं परीक्षा में 9 छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान उच्च अंकों से पाया। इनमें मुनिता धुरव, सेजल पांडे, हर्षिता साहू, शुभम सिंह, प्राची जोशी, हिमांशी टेरम, मनीष साहू, और समीर सरदुल शामिल हैं। संस्कार गुरूकुल निदेशक अमित जैन, प्राचार्य अनुराधा कुमार और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी है।

### 10वीं में आर्यन को 88 प्रतिशत अंक



**जगदलपुर।** निर्मल हायर सेकेण्डरी विद्यालय के छात्र मो. आर्यन खान पिता आरिफ खान ने हाईस्कूल परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार तथा शाला का नाम रौशन किया है।

